अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के बी० वॉक (एस० डी०) द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने दिनांक 09-02-2017 को एन० आई० आई० टी० टेक्नोलॉजीस, ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कंपनी सेवाएं व उपभोक्ताओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एन० आई० आई० टी०, ग्रेटर नोएडा में विद्यार्थियों के लिए एक इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किया। सेशन का सञ्चालन मि० रॉय जॉर्ज (अकाउंटेन्ट मैनेजर) ने किया। उन्होंने बताया कि इस नवीनतम तकनीकों को प्रयोग में लाकर विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट्स भी पूरे कर सकते हैं। साथ ही अपनी प्रोग्रामिंग दक्षता में और अधिक प्रवीणता ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी के पूरे संसार के 18 देशों में 250 उपभोक्ता हैं जो अनेक क्षेत्रों में अपना योगदान देते हैं जैसे मार्केटिंग, डिलीवरी लीडरशिप, इंडस्ट्री लीडिंग ग्रोथ मार्केटिंग इत्यादि। ट्रांसपोर्ट वेबसाइट www.yatra.com भी एन० आई० आई० टी० टेक्नोलॉजीस ने ही डेवेलप की है। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर मि० रॉय जॉर्ज ने उदाहरणों के साथ देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस भ्रमण का नेतृत्व कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग ने किया। औद्योगिक भ्रमण से लौटने के पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षिक और औद्योगिक भ्रमण का पूरा लाभ उठाएं।